विश्व बैंक के ऋण का उपयोग विद्युत परियोजनाओं के लिए किया जाना

1685. **श्री राम जेठमलानी** : क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश की विद्युत परियोजनाओं की प्रतिष्ठापना हेतु विश्व बैंक से ऋण लिया गया था ;

(ख) यदि हां, तो जनवरी, 1993 की स्थिति के अनुसार इस प्रकार मंजूर किए गए ऋण की कुल प्रमात्रा कितनी है;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस संस्वीकृत ऋण के संदर्भ में प्राप्त अधिकांश धनराशि का उपयोग उपरोक्त अवधि तक नहीं किया गया था;

(घ) यदि हां, तो उन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है जिनके लिए ऋण का उपयोग पूरी तरह से नहीं किया जा सका ;

(ङ) क्या यह भी सच है कि उपयोग की गई इस ऋण राशि पर सुपुर्दगी प्रभार सहित ब्याज भी अदा किया जाना था और यदि हां, तो वर्ष 1992-93 में व्यय की गई कुल धनराशि कितनी है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) से (घ) जनवरी, 1993 की स्थिति के अनुसार, विश्व बैंक द्वारा विद्युत क्षेत्र के लिए कुल 5618.325 मिलियन अमरीकी डालर ऋण/क्रेडिट राशि स्वीकृत की गई थी। जिन परियोजनाओं के लिए ऋण/क्रेडिट राशि स्वीकृत की गई हैं उनकी सूची और उनके समुपयोजन सम्बन्धी स्थिति नीचे दी गई है :-

(31-3-93 को स्थिति के अनुसार)

(सभी आंकड़े मिलियन अमरीकी डालर में)

क्र. सं०	परियोजना का नाम	सहायता राशि	समुपयोजित	शेष
1	2	3	4	5
1.	रामागुण्डम एसटीपीपी चरण-2	280.00	276.701	3.299
2.	केन्द्रीय पारेषण परियोजना-1	200.70	131.492	62.208
3.	नाथपा डाकरी एस ई पी	485.00	37.015	447.985
4.	कर्नाटक पावर-1	260.00	69.889	190.111
5.	कर्नाटक पावर-2	220.00	37.653	182.347
6.	केरल पावर परियोजना	176.00	45.218	130.782
7.	चन्द्रपुर	280.00	185.943	94.057
8.	महाराष्ट्र पावर परियोजना-1	400.00	37.668	368.332
9.	ट्राम्बे यूनिट-4	135.40	134.308	1.092
10.	प्राइवेट पावर यूटीलिटीज (भीरा)	98.00	13.31	84.69
11.	बी एस ई एस परियोजना (दाहानू)	200.00	50.96	149.04

1	2	3	4	5
12.	उत्तरी क्षेत्र पारेषण प्रणाली परियोजना .	485.00	30.43	454.57(
13.	पावर युटिलिटी एफिसियंसी इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट .	265.00	14.024	250.97(
14.	संयुक्त साइकिल विद्युत परियोजना .	485.00	456.510	28.49
15.	इन्द्रा सरोवर एच ई पी . .	52.125	9.07	43.058
16.	अपर इन्द्रावती एच ई पी . .	213.03	175.823	37.207
17.	तलचेर ता०वि०के० . . .	375.00	117.593	257.407
18.	नैशनल कैपिटल थर्मल पावर प्रोजेक्ट (ए सी टी पी पी) . . .	425.00	245.620	179.38
19.	रिहन्द पारेषण प्रणाली . . .	202.00	193.188	8.812
20.	यू. पी. पावर प्रोजेक्ट . . .	350.00	47.048	302.952
21.	फरक्का एन टी पी पी चरण–2 .	278.90	224.105	54.69
22.	कोरबा टी पी पी चरण–2 . .	427.614	371.437	56.17
		5618.325	2351.162	3267 1(

(ङ) वचनबद्ध परन्तु असमुपयोजित राशि के लिए वचनबद्धता प्रभार देय है। वर्ष 1992–93 के दौरान विद्युत क्षेत्र के लिए प्राप्त विभिन्न ऋणों के मामले में इस सन्दर्भ में देय कुल राशि 29.1 करोड़ रु. थी।

राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के प्रति बकाया राज्य विद्युत बोर्डों की देयताएं

1686. **श्री बोरेन जे. शाह**
डा. जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय ताप विद्युत **निगम** को मार्च, 1993 तक विभिन्न राज्य विद्युत बोर्डों से 3000 करोड़ रुपये बकाया राशि के रू में वसूल करने हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि निगम ने यह तय किया कि निगम को बकाया राशि का भुगत न किए जाने पर सम्बद्ध राज्य बिजली की आपूर्ति नहीं की जाएगी;

(ग) क्या यह भी सच है कि निग द्वारा लिए गए निर्णय के कार्यान्वय से पूरे देश में बिजली की आपूर्ति प्रभाव पड़ेगा; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वा अपने हस्तक्षेप के माध्यम से इस माम का समाधान करने के लिए अब त कोई कार्यवाही न किए जाने का व कारण हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पं वी. रंगैया नायडू) : (क) से (घ मार्च, 1993 के अन्त तक की स्थि